1. निम्नलिखित में से कौन सी प्रेमचंद की कृति नहीं है ?
(A) कर्मभूमि (B) मानसरोवर
(C) शतरंज के खिलाड़ी (D) मैला आंचल

2. 'आना जाना' में अपेक्षित विराम चिह्न है –
(A) योजक चिह्न (B) पूर्णविराम
(C) प्रश्नवाचक चिह्न (D) अर्द्धविराम

3. निम्नलिखित में से किस वाक्य में विराम चिह्नों का सही प्रयोग नहीं हुआ है ?
(A) हे प्रभो! मुझे शक्ति दो ।
(B) वह घर आया या नहीं ?
(C) राम-राम ! उसने यह क्या कर दिया ।
(D) तुम समझते हो कि वह निरा बालक है, परंतु वह अच्छे-अच्छों के कान काटता है ।

4. परिपत्र कब जारी किया जाता है ?
(A) संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालयों के साथ पत्राचार के समय ।
(B) बैठक में लिए गए महत्त्वपूर्ण निर्णयों को कार्यान्वित करने के उद्देश्य से ।
(C) किसी अधिकारी की लिखित शिकायत प्राप्त होने पर ।
(D) पुराने भेजे गए पत्र के अनुपालन के लिए पुनः निर्देश देते समय ।

5. 'शायद कल निकुंज यहाँ आये ।' वाक्य किसका उदाहरण है ?
(A) विधानवाचक वाक्य
(B) संदेहवाचक वाक्य
(C) प्रश्नवाचक वाक्य
(D) इच्छावाचक वाक्य

6. 'गीता ने कहानी लिखकर पुरस्कार प्राप्त किया ।' वाक्य किसका उदाहरण है ?
(A) सरल वाक्य (B) संयुक्त वाक्य
(C) मिश्र वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

7. 'मैंने एक बूढ़े आदमी को देखा, जो बहुत बीमार था । ' वाक्य किसका उदाहरण है ?
(A) सरल वाक्य
(B) संयुक्त वाक्य
(C) मिश्र वाक्य
(D) सरल एवं संयुक्त दोनों

अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों (प्र. 8 से 11) के उत्तर दीजिए :

सच्चा उत्साह वही होता है जो मनुष्य को कार्य करने के लिए प्रेरणा देता है । मनुष्य किसी भी कारणवश जब किसी के कष्ट को दूर करने का संकल्प करता है, तब जिस सुख को वह अनुभव करता है, वह सुख विशेष रूप से प्रेरणा देने वाला होता है । जिस भी कार्य को करने के लिए मनुष्य में कष्ट, दुःख या हानि को सहन करने की ताकत आती है, उन सबसे उत्पन्न आनंद ही उत्साह कहलाता है । उदाहरण के लिए दान देने वाला व्यक्ति निश्चय ही अपने भीतर एक विशेष साहस रखता है और वह है धन-त्याग का साहस । यही त्याग यदि मनुष्य प्रसन्नता के साथ करता है तो उसे उत्साह से किया गया दान कहा जाएगा । उत्साह आनंद और साहस का मिला-जुला रूप है । उत्साह में किसी-न-किसी वस्तु पर ध्यान अवश्य केंद्रित होता है । वह चाहे कर्म पर, चाहे कर्म के फल पर और चाहे व्यक्ति या वस्तु पर हो । इन्हीं के आधार पर कर्म करने में आनंद मिलता है । कर्म-भावना से उत्पन्न आनंद का अनुभव केवल सच्चे वीर ही कर सकते हैं, क्योंकि उनमें साहस की अधिकता होती है । सामान्य व्यक्ति कार्य पूरा हो जाने पर जिस आनंद का अनुभव करता है, सच्चा वीर कार्य प्रारंभ होने पर ही उसका अनुभव कर लेता है । आलस्य उत्साह का सबसे बड़ा शत्रु है । जो व्यक्ति आलस्य से भरा होगा, उसमें काम करने के प्रति उत्साह कभी उत्पन्न नहीं हो सकता । उत्साही व्यक्ति असफल होने पर भी कार्य करता रहता है । उत्साही व्यक्ति सदा दृढ़-निश्चयी होता है ।

8. सच्चे वीर वे होते हैं
(A) जो फल पाने के लिए उत्साह दिखाते हैं ।
(B) जो कर्म भाव से उत्साह दिखाते हैं ।
(C) जो निष्काम भाव से उत्साह दिखाते हैं ।
(D) जो आनंद विनोद के लिए उत्साह दिखाते हैं ।

9. कर्म करने में आनंद किस कारण से मिलता है ?
(A) कर्म, कर्मफल, व्यक्ति या वस्तु पर ध्यान केंद्रित होने से ।
(B) उत्साहपूर्वक कार्य करने से ।
(C) आलस्य त्याग कर कार्य करने से ।
(D) सहनशीलता और दृढ़-निश्चय से ।

10. 'सच्चा उत्साह वही होता है जो मनुष्य को कार्य करने के लिए प्रेरणा देता है ।' रेखांकित उपवाक्य का प्रकार है –
(A) प्रधान उपवाक्य
(B) विशेषण उपवाक्य
(C) क्रिया विशेषण उपवाक्य
(D) संज्ञा उपवाक्य

11. उत्साह के मार्ग में सबसे बड़ी रुकावट है
(A) दुःख (B) निराशा
(C) वैराग्य (D) आलस्य

12. 'अभय – उभय' के समरूपी भिन्नार्थक हैं –
(A) निडर – दोनों (B) निडर – एक
(C) भयभीत – दोनों (D) दोनों – एक

13. 'चपला – चपल' के समरूपी भिन्नार्थक हैं –
(A) बिजली – तेज (B) तेज – बिजली
(C) बादल – गर्जन (D) गर्जन – बादल

14. सही अर्थ वाले श्रुतिसम भिन्नार्थक युगल का चयन करें ।
(A) शित –शीत : ठंडक –तुषार
(B) शित–शीत : श्वेत – स्त्री का अपहरण
(C) शीत – शित : ठंडा –तेज किया गया
(D) इनमें से कोई नहीं

15. किस विकल्प में सही विलोम–युग्म है ?
(A) करुण – निष्ठुर
(B) आस्तिक – अधार्मिक
(C) संकल्प – अकल्प
(D) सुदूर – विस्तार

16. 'केंद्रित' और 'अधिकता' में क्रमशः प्रत्यय इस प्रकार हैं –
(A) द्रित, ता (B) ईत, आ
(C) इत, ता (D) ईत, ता

17. 'अलि' शब्द के अनेकार्थी शब्द हैं –
(A) भँवरा, कोयल (B) भँवरा, आम्र
(C) कोयल, शुक (D) कोयल, अज

18. 'पत्नी' शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं –
(A) विभावरी, रजनी (B) चंचला, तड़ित
(C) भार्या, प्राणप्रिया (D) वधू, तनुजा

19. निम्न में से कौन सी वर्तनी सही है ?
(A) चारदीवारी (B) चहारदीवारी
(C) चारदिवारी (D) चाहरदीवारी

20. निम्न में से कौन सी वर्तनी सही है ?
(A) कोतुहल (B) कौतुहल
(C) कौतूहल (D) कुतुहल

21. 'महेश गीत गा रहा था ।' वाक्य में काल है –
(A) अपूर्ण भूत (B) पूर्ण भूत
(C) सामान्य भूत (D) आसन्न भूत

22. "सत्संग में जाने के बाद मन को शांति मिली है ।" दिए गए वाक्य का काल पहचानिए ।
(A) सामान्य भूतकाल (B) आसन्न भूतकाल
(C) अपूर्ण भूतकाल (D) इनमें से कोई नहीं

23. निम्नलिखित में से किस वाक्य में संदिग्ध वर्तमान काल है ?
(A) रीना पढ़ती होगी ।
(B) उसने खाया है ।
(C) वर्षा हो रही है ।
(D) वह पुस्तक पढ़ती है ।

24. 'चरण कमल बंदौ हरि राई' में कौन सा अलंकार है ?
(A) श्लेष (B) उपमा
(C) रूपक (D) अतिशयोक्ति

25. 'जानने की इच्छा रखने वाला' – इस शब्द समूह के लिए एक शब्द बताइए ।
(A) पिपासु (B) उत्साही
(C) जिज्ञासु (D) इनमें से कोई नहीं

26. निम्न में से कौन सा शब्द स्त्रीलिंग है ?
(A) आज्ञा (B) मार्ग
(C) परिमाण (D) गृह

27. निम्न में से कौन सा शब्द पुल्लिंग है ?
(A) पूर्ति (B) अभिव्यक्ति
(C) विवाह (D) छवि

28. निम्न में से किस शब्द की वर्तनी सही है ?
(A) विधाता (B) सर्वश्रेस्ट
(C) भूमीगत (D) इनमें से कोई नहीं

29. 'आविर्भाव' का विलोम शब्द है –

(A) तिरोभाव (B) विरक्ति
(C) अंत (D) अधोगति

30. किस विकल्प में सही विलोम-युग्म नहीं है ?

(A) अमावस्या – पूर्णिमा
(B) आचार – अनाचार
(C) गुप्त – मुक्त
(D) कुटिल – सरल

31. 'कोप' का विलोम शब्द है –

(A) कृपा (B) असंतुष्ट
(C) खेद (D) इनमें से कोई नहीं

32. 'लहू' का समानार्थी शब्द है –

(A) उपल (B) शोणित
(C) मर्कट (D) वारुणी

33. 'अनी' शब्द का सही पर्यायवाची बताइये ।

(A) स्वादिष्ट (B) दुष्ट
(C) सेना (D) सेतु

34. 'वनिता' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) महिला (B) शफरी
(C) विधु (D) जानकी

35. 'उपकार को मानने वाला' – इस शब्द समूह के लिए एक शब्द बताइए ।

(A) कृपालु (B) कृतज्ञ
(C) कृतघ्न (D) आज्ञाकारी

36. 'जो दिखाई न दे '– इस शब्द समूह के लिए एक शब्द बताइए ।

(A) अदृश्य (B) अमर
(C) निष्प्राण (D) नेत्रहीन

37. किस विकल्प में सही विलोम-युग्म है ?

(A) नेकी – भलाई
(B) तरुण – किशोर
(C) विभक्त – पृथक
(D) दीर्घकाय – कृशकाय

अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों (प्र. 38 से 41) के उत्तर दीजिए :

भारतीय मनीषी हमेशा ही इच्छा और अनिच्छा के बारे में सोचता रहा है । आज जो कुछ हम हैं उसे एक लालसा में सिमटाया जा सकता है । यानी जो कुछ भी हम हैं वह सब अपनी इच्छा के कारण से हैं । यदि हम दुःखी हैं, यदि हम दासता में हैं, यदि हम अज्ञानी हैं, यदि हम अंधकार में डूबे हैं, यदि जीवन एक लंबी मृत्यु है तो केवल इच्छा के कारण से ही है ।

क्यों है यह दुःख ? क्योंकि हमारी इच्छा पूरी नहीं हुई । इसलिए यदि आपको कोई इच्छा नहीं है तो आप निराश कैसे होंगे ? यदि कहीं आप निराश होना चाहते हैं तो और अधिक इच्छा करें, यदि आप और दुःखी होना चाहते हैं तो अधिक अपेक्षा करें, अधिक लालसा करें और अधिक आकांक्षा करें, इससे आप और अधिक दुःखी हो ही जाएँगे । यदि आप सुखी होना चाहते हैं तो कोई इच्छा न करें । यही आंतरिक जगत में काम करने का गणित है । इच्छा ही दुःख को उत्पन्न करती है ।

38. लेखक ने आंतरिक जगत में काम करने का गणित किसे कहा है ?

(A) भक्ति करने को (B) इच्छा न करने को
(C) विनम्र रहने को (D) कष्ट भोगने को

39. भारतीय मनीषी के चिंतन का विषय क्या है ?

(A) जीवन-मृत्यु का चिंतन
(B) जीवन और आत्मा का चिंतन
(C) इच्छा और अनिच्छा का चिंतन
(D) प्रकृति पुरुष का चिंतन

40. इच्छा का जीवन में क्या प्रभाव पड़ता है ?

(A) आनंद देती है ।
(B) सुख देती है ।
(C) लालसा बढ़ाती है ।
(D) कार्यक्षमता बढ़ाती है ।

41. मानव के लिए जीवन एक लंबी मृत्यु कब बन जाता है ?

(A) बीमारी में
(B) सुख में
(C) हर्ष में
(D) इच्छाओं के बढ़ने से

42. 'लालसा' शब्द के दो पर्यायवाची हैं –

(A) इच्छा, आकांक्षा (B) इच्छा, बल
(C) बल, आकांक्षा (D) आकांक्षा, निराशा

43. 'जाति' शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा ?
(A) जातिऐं (B) जातियाँ
(C) जातिओं (D) जातियां

44. निम्न में से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है ?
(A) अग्नि (B) चतुर्दश
(C) वत्स (D) फूल

45. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द है –
(A) पहिया (B) आटा
(C) खटिया (D) कृपा

46. निम्न में से कौन सा शब्द तत्सम शब्द है ?
(A) खीर (B) घोड़ा
(C) सपत्नी (D) सत्तू

47. निम्न में से कौन सा शब्द तद्भव नहीं है ?
(A) आम (B) हाथ
(C) दूध (D) मयूर

48. 'स्कन्ध' का तद्भव रूप है –
(A) कंध (B) कांध
(C) कन्धा (D) इनमें से कोई नहीं

49. निम्न में से 'हरिद्रा' का तद्भव रूप है –
(A) हरिद्वार (B) हल्दी
(C) हलधर (D) हरिंदर

50. निम्नलिखित में से किस वाक्य में अपादान कारक का प्रयोग हुआ है ?
(A) मोहन ने पत्र लिखा।
(B) हम आँखों से देखते हैं।
(C) बिल्ली छत से कूद पड़ी।
(D) गीता का भाई आया।

51. किस विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं ?
(A) कनक, कंचन, निनाद
(B) वदन, आनन, आस्य
(C) नियति, विधि, धीवर
(D) आशुग, तीर, प्राज्ञता

52. 'चाय' शब्द का प्रयोग किस वचन में होता है ?
(A) एकवचन (B) द्विवचन
(C) बहुवचन (D) कोई नहीं

53. 'भारतीय' शब्द का बहुवचन है –
(A) भारतियों (B) भारतीयों
(C) भारतिओं (D) भारितीयों

54. 'अति का भला न बरसना, अति की भली न धूप' लोकोक्ति का अर्थ है –
(A) अधिक बारिश होना।
(B) अधिक धूप निकलना।
(C) किसी भी बात या वस्तु का अधिक होना ठीक नहीं।
(D) बरसात में धूप निकलना।

55. 'अपनी करनी पार उतरनी' लोकोक्ति का अर्थ है –
(A) अपने अच्छे कर्म से ही व्यक्ति का कल्याण होता है।
(B) बुरे कर्मों का फल बुरा होता है।
(C) अपना कर्म अपना होता है।
(D) इनमें से कोई नहीं

56. 'आटा गीला होना' मुहावरे का अर्थ है :
(A) अप्रासंगिक बातें करना।
(B) कठिनाई में पड़ना।
(C) कठिन परिश्रम करना।
(D) हर प्रकार का अनुभव होना।

57. 'फूँक–फूँक कर पैर रखना' मुहावरे का अर्थ है –
(A) धीरे–धीरे चलना।
(B) डर कर कदम रखना।
(C) पैर रखते हुए फूँक मारना।
(D) सोच विचार कर काम करना।

58. 'वह चम्मच से चावल खाता है।'– वाक्य में चम्मच से में कौन सा कारक है ?
(A) करण कारक (B) सम्बन्ध कारक
(C) अधिकरण कारक (D) कर्ता कारक

59. 'गहने अलमारी में हैं।' अलमारी में पद में कारक है –
(A) करण कारक (B) अधिकरण कारक
(C) संबंध कारक (D) अपादान कारक

60. 'आ बैल मुझे मार' इस कहावत का सही अर्थ बताइए।
(A) छेड़छाड़ करना।
(B) जानबूझ कर मुसीबत में पड़ना।
(C) बलशाली के सामने वीरता दिखाना।
(D) कायर होते हुए भी वीरता का प्रदर्शन करना।

61. 'इत्यादि' शब्द का सही संधि-विच्छेद बताइए।
(A) इति + आदी (B) इति + आदि
(C) ऐति + आदि (D) इत्य + आदि

62. 'शुभेच्छा' का संधि-विच्छेद है –
(A) सु + इच्छा (B) शुभ + इच्छा
(C) शुभ + येच्छा (D) शुभ + अच्छा

63. व्याकरण की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है ?
(A) मेरे को आपका काम बहुत पसंद है।
(B) वह आदमी अच्छा नहीं है।
(C) एक दूध का ग्लास दो।
(D) प्रत्येक चित्र बुरे नहीं होते।

64. व्याकरण की दृष्टि से निम्न में से कौन सा वाक्य अशुद्ध है ?
(A) कृपया आप ही बताएँ।
(B) बन्दूक एक बहुत ही उपयोगी शस्त्र है।
(C) पुलाव बहुत लज़ीज़ है।
(D) उसके प्राण-पखेरू उड़ गये।

65. 'यथोचित' किस समास का उदाहरण है ?
(A) द्वंद्व समास
(B) अव्ययीभाव समास
(C) तत्पुरुष समास
(D) द्विगु समास

66. निम्न में से कौन सा समास द्विगु समास का उदाहरण है ?
(A) भलाबुरा (B) पंसेरी
(C) नवयुवक (D) बखूबी

67. 'बात का धनी' मुहावरे का अर्थ है –
(A) वायदे का पक्का। (B) बहुत बातें करना।
(C) बात से धनी होना। (D) समझदार होना।

68. 'नद्यागम' शब्द का संधि-विग्रह है –
(A) नद्या + गम (B) नद्य + गम
(C) नदी + आगम (D) नदि + आगम

69. मन: + अनुकूल की संधि है –
(A) मनोनुकूल (B) मनोनुकुल
(C) मनौनूकुल (D) मनोनूकूल

70. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा है ?
(A) भारत (B) लड़का
(C) मित्रता (D) पेड़

71. 'पराधीन' में कौन सा उपसर्ग है ?
(A) पर (B) प्रा
(C) परा (D) इनमें से कोई नहीं

72. 'अनुगामी' शब्द में कौन सा उपसर्ग है ?
(A) आ (B) अ
(C) अनु (D) अन

73. 'मिलाप' शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है ?
(A) आप (B) प
(C) अ (D) लाप

74. 'बंगाली' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है ?
(A) ई (B) ली
(C) आली (D) अली

75. 'उसका भाई खेलता है।' वाक्य में सर्वनाम है –
(A) संबंधवाचक (B) पुरुषवाचक
(C) निजवाचक (D) निश्चयवाचक

76. निम्नलिखित में से कौन सा प्रश्नवाचक सर्वनाम का उदाहरण नहीं है ?
(A) कब (B) किन्हें
(C) उसको (D) कहाँ

77. निम्न में से कौन सा पुरुषवाचक सर्वनाम नहीं है ?
(A) कौन (B) वह
(C) हम (D) तुम

78. 'गौरीशंकर' शब्द किस समास का उदाहरण है ?
(A) बहुव्रीहि समास (B) कर्मधारय समास
(C) द्वंद्व समास (D) तत्पुरुष समास

79. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द द्रव्यवाचक संज्ञा है ?
(A) खटाई (B) मिठास
(C) चमड़ा (D) ठण्ड

80. 'पशु चर रहे हैं।' इस वाक्य में 'पशु' कौन सी संज्ञा है ?
(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा (B) जातिवाचक संज्ञा
(C) भाववाचक संज्ञा (D) द्रव्यवाचक संज्ञा

81. हाल ही में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने किस स्थान पर "हरियाली महोत्सव" का आयोजन किया ?

(A) बेंगलुरू (B) हैदराबाद

(C) नई दिल्ली (D) मुंबई

Recently, Ministry of Environment, Forest and Climate Change organized "Hariyali Mahotsav" at which place ?

(A) Bengaluru (B) Hyderabad

(C) New Delhi (D) Mumbai

82. सर्दियों के मौसम के दौरान, उत्तर-पूर्वी ______ देश पर हावी रहती हैं । वे भूमि से समुद्र की ओर बहती हैं और इसलिए, देश के अधिकांश भाग के लिए, यह एक शुष्क मौसम है ।

(A) काल बैसाखी (B) लू

(C) व्यापारिक पवनें (D) पश्चिमी विक्षोभ

During winter season, the north-east ______ prevail over the country. They blow from land to sea and hence, for most part of the country, it is a dry season.

(A) Kaal Baisakhi

(B) Loo

(C) Trade Winds

(D) Western Disturbance

83. भारत की जलवायु को ________ जलवायु कहा जाता है ।

(A) ग्रीष्मकालीन (B) शीतकालीन

(C) मानसूनी (D) इनमें से कोई नहीं

The climate of India is described as the ____________.

(A) Summer type (B) Winter type

(C) Monsoon type (D) None of these

84. निम्नलिखित में से किस कारक के कारण भारतीय उपमहाद्वीप में मध्य एशिया की तुलना में अपेक्षाकृत हल्की सर्दियाँ होती हैं ?

(A) कर्क रेखा (B) परिवेशी समुद्र

(C) हिमालय (D) महासागर धाराएँ

The Indian subcontinent experiences comparatively milder winters as compared to Central Asia due to which of the following factors ?

(A) The Tropic of Cancer

(B) The surrounding seas

(C) The Himalayas

(D) Ocean currents

85. भारत का निम्नलिखित में से कौन सा स्थान अतिविषम प्रकार की जलवायु का अनुभव करता है ?

(A) चेन्नई (B) मुंबई

(C) दिल्ली (D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following places of India experiences extreme type of climate ?

(A) Chennai (B) Mumbai

(C) Delhi (D) None of these

86. निम्नलिखित में से कौन सा केन्द्रशासित प्रदेशों के बीच नीति आयोग के प्रथम राज्य ऊर्जा और जलवायु सूचकांक (SECI) में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में से एक है ?

(A) जम्मू और कश्मीर

(B) लक्षद्वीप

(C) दमन एवं दीव और दादरा एवं नागर हवेली

(D) अंडमान और निकोबार

Which of the following is one of the top performers in the NITI Aayog's first State Energy and Climate Index (SECI) among UTs ?

(A) Jammu and Kashmir

(B) Lakshadweep

(C) Daman & Diu and Dadra & Nagar Haveli

(D) Andaman & Nicobar

**87.** MSME सतत (ZED) प्रमाणन योजना के तहत मध्यम उद्यमों को उनके व्यवसायों में कितने प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी ?

What percent of subsidies will Medium Enterprises receive in their businesses under the MSME Sustainable (ZED) certification scheme ?

(A) 80% (B) 50%
(C) 60% (D) 40%

**88.** विधायी मामलों में, दोनों सदनों (लोक सभा और राज्य सभा) को _____ विधेयकों को छोड़कर लगभग समान शक्तियाँ प्राप्त हैं ।

(A) धन (B) संशोधन
(C) संविधान (D) समेकन

In legislative matters, both the Houses (Lok Sabha and Rajya Sabha) enjoy almost equal powers except in the case of _____ Bills.

(A) Money (B) Amending
(C) Constitution (D) Consolidating

**89.** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जून 2022 में, किस संस्थान को 'अंतर्राष्ट्रीय संगठन' के रूप में वर्गीकृत करने को मंजूरी दी ?

(A) वन सन वन वर्ल्ड वन ग्रिड
(B) बिमस्टेक (BIMSTEC)
(C) इंटरनेशनल सोलर एलायंस
(D) आपदा रोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन (CDRI)

The Union Cabinet approved the categorization of which institution as an 'International Organization', in June 2022 ?

(A) One Sun One World One Grid
(B) BIMSTEC
(C) International Solar Alliance
(D) Coalition for Disaster Resilient Infrastructure (CDRI)

**90.** सिंगापुर ओपन 2022 महिला एकल का खिताब किसने जीता है ?

(A) वांग झी यी (B) साएना कावाकामी
(C) साइना नेहवाल (D) पी.वी. सिंधु

Who has captured Singapore Open 2022 women's singles title ?

(A) Wang Zhi Yi
(B) Saena Kawakami
(C) Saina Nehwal
(D) P.V. Sindhu

**91.** 2022 विश्व जनसंख्या दिवस की थीम क्या थी ?

(A) 8 बिलियन की दुनिया: सभी के लिए एक लचीले भविष्य की ओर – अवसरों का दोहन और सभी के लिए अधिकार और विकल्प सुनिश्चित करना ।
(B) अब महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य और अधिकारों की रक्षा कैसे करें ।
(C) कोविड-19 महामारी का प्रजनन क्षमता पर प्रभाव ।
(D) परिवार नियोजन एक मानव अधिकार है ।

What was the Theme of 2022 World Population Day ?

(A) A world of 8 billion : Towards a resilient future for all - Harnessing opportunities and ensuring rights and choices for all
(B) How to safeguard the health and rights of women and girls now
(C) The impact of the Covid-19 pandemic on fertility
(D) Family planning is a human right

**92.** ब्रोकेड _________ की प्रसिद्ध कला कृति है ।

(A) लखनऊ (B) आगरा
(C) कानपुर (D) वाराणसी

Brocade is famous art work of _________.

(A) Lucknow (B) Agra
(C) Kanpur (D) Varanasi

93. निम्नलिखित में से किस संस्थान ने जुलाई, 2022 में, 'विकासशील देशों में जीवन-यापन की लागत के संकट' (Cost-of-Living Crisis in Developing Countries) रिपोर्ट जारी की ?
(A) विश्व बैंक
(B) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(C) यू.एन.डी.पी.
(D) विश्व आर्थिक मंच
Which of the following institution released the 'Cost-of-Living Crisis in Developing Countries' report in July, 2022 ?
(A) World Bank
(B) International Monetary Fund
(C) UNDP
(D) World Economic Forum

94. निम्नलिखित में से किस नृत्य का मूल उत्तर प्रदेश है, जो शास्त्रीय नृत्य के 8 रूपों का हिस्सा है ?
(A) मोहिनीअट्टम (B) कथकली
(C) कथक (D) सत्रिया
Which of the following dance's origin is Uttar Pradesh, that is part of 8 form of classical dance ?
(A) Mohiniattam (B) Kathakali
(C) Kathak (D) Sattriya

95. महाकुंभ मेले की तिथि खगोलीय रूप से सूर्य, चंद्रमा और ________ की स्थिति का अध्ययन करने के बाद निर्धारित की जाती है ।
(A) मंगल (B) बुध
(C) बृहस्पति (D) शुक्र
Maha Kumbh Mela's date is determined after astronomically studying the positions of the Sun, Moon and the ______.
(A) Mars (B) Mercury
(C) Jupiter (D) Venus

96. हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2022 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस देश का पासपोर्ट दुनिया में सबसे शक्तिशाली है ?
(A) जापान
(B) इटली
(C) यूनाइटेड किंगडम
(D) संयुक्त राज्य अमेरिका
Which of the following country's passport is most powerful in the world, as per Henley Passport Index 2022 ?
(A) Japan
(B) Italy
(C) United Kingdom
(D) United States of America

97. 'गुजरात एग्रो रेडिएशन प्रोसेसिंग फैसिलिटी (GARPF)' गुजरात में पहली और भारत में चौथी सुविधा है जिसे यू.एस.डी.ए. (USDA)-ए.पी.एच.आई.एस. (APHIS) से ______ के निर्यात के लिए यह मंजूरी मिली है ।
(A) आम और अनार (B) केला और ड्रैगन फ्रूट
(C) खजूर और अंगूर (D) सेब और संतरे
Gujarat Agro Radiation Processing Facility (GARPF) is the first facility in Gujarat and fourth in India to get this approval from USDA-APHIS for the export of __________.
(A) Mangoes and Pomegranates
(B) Banana and Dragon Fruit
(C) Dates and Grapes
(D) Apple and Oranges

98. किस पश्चिम अफ्रीकी देश ने घातक मारबर्ग वायरस के पहले प्रकोप की सूचना दी है ?
(A) नाइजर (B) घाना
(C) गैम्बिया (D) माली
Which West African country has reported its first outbreak of the deadly Marburg virus ?
(A) Niger (B) Ghana
(C) Gambia (D) Mali

99. निम्नलिखित में से कौन सा शहर 2022 में आयोजित वर्ल्ड अर्बन फोरम 11 का मेजबान था ?
(A) टोरंटो (B) पेरिस
(C) जिनेवा (D) केटोविश
Which of the following cities was the host of the World Urban Forum 11 held in 2022 ?
(A) Toronto (B) Paris
(C) Geneva (D) Katowice

100. निम्नलिखित में से किस देश के साथ भारत ने जुलाई 2022 में, कृषि-पारिस्थितिकी और प्राकृतिक संसाधनों के सतत प्रबंधन पर एक संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए ?
(A) जर्मनी (B) चीन
(C) श्रीलंका (D) जापान
With which of the following countries India signed a joint declaration on agro-ecology and sustainable management of natural resources in July 2022 ?
(A) Germany (B) China
(C) Sri Lanka (D) Japan

**101.** निम्नलिखित में से कौन सा ऑपरेशन के आधार पर कंप्यूटर का एक प्रकार नहीं है ?

(A) डिजिटल (B) हाइब्रिड
(C) रिमोट (D) एनालॉग

Which of the following is not a type of computer on the basis of operation ?

(A) Digital (B) Hybrid
(C) Remote (D) Analog

**102.** निम्न में से किस शहर ने कमलम (ड्रैगन फ्रूट) 2022 पर राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की, जिसकी अध्यक्षता भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव ने की ?

(A) दिल्ली (B) गांधीनगर
(C) चंडीगढ़ (D) बेंगलुरू

Which of the following city hosted National Conclave on Kamlam (Dragon Fruit) 2022, was chaired by Secretary, Ministry of Agriculture & Farmers Welfare, Government of India ?

(A) Delhi (B) Gandhinagar
(C) Chandigarh (D) Bengaluru

**103.** कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (MoA&FW) और ________ ने दो सरकारी कार्यक्रमों: PMFBY और किसान क्रेडिट कार्ड योजना को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।

The Ministry of Agriculture & Farmers Welfare (MoA&FW) and ________ signed a MoU for providing technical support to two government programs: PMFBY & Kisan Credit Card Scheme.

(A) UNDP
(B) विश्व बैंक/World Bank
(C) CGIAR
(D) इनमें से कोई नहीं/None of these

**104.** विंडोज 10 ऑपरेटिंग सिस्टम में 'फाइल एक्सप्लोरर में फाइल या फोल्डर की खोज' के लिए निम्नलिखित में से कौन सी शॉर्टकट कुंजी का उपयोग किया जाता है ?

Which of the following shortcut keys are used for 'Search for a file or folder in File Explorer' in Windows 10 operating system ?

(A) F1 (B) F3
(C) F4 (D) F5

**105.** छठी-पाँचवीं शताब्दी ईसा पूर्व में, तुर्की लोगों ने सिंधु के पूर्व में लोगों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा को कहा था

(A) हिंदी (B) हिन्दवी
(C) अल-हिंद (D) इनमें से कोई नहीं

In sixth-fifth century BCE, the Turkish people referred to the Language used by people in east of the Indus as

(A) Hindi (B) Hindavi
(C) Al-Hind (D) None of these

**106.** विजयनगर की प्रचलित परंपराओं के अनुसार, राय (विजयनगर के शासकों) को कहा जाता था

(A) प्रजापति (B) अश्वपति
(C) मेघपति (D) नरपति

According to the popular traditions of Vijayanagar, the Rayas (The rulers of Vijayanagar) were called as

(A) Prajapati (B) Ashwapati
(C) Meghpati (D) Narapati

**107.** निम्नलिखित में से कौन सा शिव मंदिर चोल शासकों के संरक्षण में नहीं बनाया गया था ?

(A) नटराज मंदिर, चिदंबरम
(B) गोंडेश्वर मंदिर, सिन्नार
(C) पलाईवन्नाथर मंदिर, तंजावुर
(D) बृहदेश्वर मंदिर, गंगईकोंडा चोलपुरम

Which of the following Shiva Temple was not constructed under the patronage of Chola Rulers ?

(A) Nataraja Temple, Chidambaram
(B) Gondeshwar Temple, Sinnar
(C) Palaivananathar Temple, Thanjavur
(D) Brihadeswara Temple, Gangaikonda Cholapuram

**108.** प्राचीन इतिहास में, अंडा के ऊपर हर्मिका थी, एक बालकनी जैसी संरचना, जो देवताओं के निवास का प्रतिनिधित्व करती थी । हर्मिका से एक मस्तूल निकलता था, जिसे ________ कहते थे ।

(A) स्तूप (B) जातक
(C) यष्टि (D) छत्री

In ancient History, above the anda was the harmika, a balcony-like structure that represented the abode of the Gods. Arising from the harmika was a mast called the ________.

(A) Stupa (B) Jataka
(C) Yashti (D) Chhatri

109. छठी शताब्दी ईसा पूर्व में जैन और बौद्ध ग्रंथों में कितने महाजनपदों का उल्लेख किया गया है ?
(A) बारह (B) सोलह
(C) बीस (D) चौबीस
In sixth century BCE, how many Mahajanapadas were mentioned in Jain and Buddhist texts ?
(A) Twelve (B) Sixteen
(C) Twenty (D) Twenty-four

110. सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी की स्थापना ________ द्वारा 1905 में कल्याणकारी कार्यों में विभिन्न जातियों और धर्मों के भारतीयों को एकजुट करने और प्रशिक्षित करने के लिए की गई थी ।
(A) राजा राममोहन रॉय
(B) लाला लाजपत राय
(C) सी.आर. दास
(D) गोपाल कृष्ण गोखले
Servants of India Society was founded by ________ in 1905 to unite and train Indians of different ethnicities and religions in welfare work.
(A) Raja Rammohan Roy
(B) Lala Lajpat Rai
(C) C.R. Das
(D) Gopal Krishna Gokhale

111. अंग्रेजों के साथ किस समझौते के बाद, गाँधीजी द्वारा सविनय अवज्ञा आंदोलन को 1931 में बंद कर दिया गया था ?
(A) गाँधी – इरविन पैक्ट
(B) गाँधी – वेवेल पैक्ट
(C) गाँधी – लिनलिथगो पैक्ट
(D) गाँधी – माउंटबैटन पैक्ट
The Civil Disobedience Movement was called off in 1931 by Gandhiji after which Pact with the British ?
(A) Gandhi – Irwin Pact
(B) Gandhi – Wavell Pact
(C) Gandhi – Linlithgow Pact
(D) Gandhi – Mountbatten Pact

112. एक आधुनिक संस्करण, तत्वों की आवर्त सारणी का तथाकथित "लंबा रूप" । क्षैतिज पंक्तियों को ________ कहा जाता हैं ।
(A) समूह (B) बैच
(C) सेट (D) आवर्त
A modern version, the so-called "long form" of the Periodic Table of the elements. The horizontal rows are called ________.
(A) Group (B) Batch
(C) Set (D) Period

113. ओम के नियम के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा समीकरण सत्य है ?
Which of the following equation holds true as per Ohm's Law ?
(A) R = V + I (B) R = V / I
(C) R = I / V (D) R = I * V

114. कानपुर में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया ?
(A) बहादुर शाह
(B) नाना साहिब
(C) शाह माई
(D) मौलवी अहमदुल्ला शाह
Who led the revolt of 1857 at Kanpur ?
(A) Bahadur Shah
(B) Nana Sahib
(C) Shah Mai
(D) Maulavi Ahmadulla Shah

115. निम्नलिखित में से कौन मानव शरीर की सबसे छोटी हड्डी है ?
(A) स्कैपुला (B) स्टेपीज़
(C) कोक्सल हड्डियाँ (D) फीमर
Which of the following is the smallest bone in human body ?
(A) Scapula (B) Stapes
(C) Coxal bones (D) Femur

116. निम्नलिखित में से कौन सी धातु सबसे अधिक तन्य है ?
(A) चाँदी (B) सोना
(C) एलुमिनियम (D) इनमें से कोई नहीं
Which of the following metals is most ductile ?
(A) Silver (B) Gold
(C) Aluminium (D) None of these

117. भारत का प्रसिद्ध स्वर्णिम चतुर्भुज सुपर हाईवे निम्नलिखित में से किस प्रमुख शहर को नहीं जोड़ता है ?

(A) दिल्ली (B) हैदराबाद
(C) कोलकाता (D) मुंबई

India's Famous Golden Quadrilateral Super Highways doesn't connect which of the following major cities ?

(A) Delhi (B) Hyderabad
(C) Kolkata (D) Mumbai

118. निम्न में से किस प्रकार के लेंस का उपयोग हमेशा छोटा प्रतिबिंब प्राप्त करने के लिए किया जाता है ?

(A) समतल (B) उत्तल
(C) अवतल (D) पारदर्शी

Which of the following type of Lens is used to always get a diminished image ?

(A) Plain (B) Convex
(C) Concave (D) Transparent

119. 2020 की रिपोर्ट के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में भारत में कॉपर अयस्क का सबसे बड़ा भंडार/संसाधन है ?

(A) राजस्थान (B) उत्तर प्रदेश
(C) गुजरात (D) बिहार

According to report of 2020, which of the following states has largest reserves/resources of Copper Ore in India ?

(A) Rajasthan (B) Uttar Pradesh
(C) Gujarat (D) Bihar

120. निम्नलिखित में से कौन सा नाभिकीय शक्ति संयंत्र उत्तर प्रदेश में स्थित है ?

(A) कैगा (B) नरोरा
(C) कलपक्कम (D) काकरापार

Which of the following nuclear power plants is located in Uttar Pradesh ?

(A) Kaiga (B) Narora
(C) Kalapakkam (D) Kakrapar

121. दुनिया में सबसे ऊँचा ज्वार ______ में पाया जा सकता है।

(A) भारत (B) चीन
(C) कनाडा (D) रूस

The highest tides in the world can be found in ______.

(A) India (B) China
(C) Canada (D) Russia

122. "ताना रीवर मंगाबे" (वानर) निम्नलिखित में से किस देश में पाया जाता है ?

(A) न्यूजीलैंड (B) केन्या
(C) श्रीलंका (D) ईरान

"Tana River mangabey" (monkey) is found in which of the following countries ?

(A) New Zealand (B) Kenya
(C) Sri Lanka (D) Iran

123. विंध्य पर्वत उत्तर-पश्चिम में अरावली पर्वत शृंखला और दक्षिण में निम्नलिखित में से किस श्रेणी से घिरा है ?

(A) हिमालय रेंज (B) पूर्वांचल रेंज
(C) सतपुड़ा रेंज (D) इनमें से कोई नहीं

The Vindhyan range is bound by the Aravalli's in North-West and by which of the following ranges on the South ?

(A) Himalayan Range
(B) Purvanchal Range
(C) Satpura Range
(D) None of these

124. पूर्वी तटीय मैदान के दक्षिणी भाग को ______ तट कहा जाता है।

(A) कोंकण (B) मालाबार
(C) कोरोमंडल (D) उत्तरी सिरकार

The Southern part of the Eastern coastal plain is called the ______ coast.

(A) Konkan
(B) Malabar
(C) Coromandel
(D) Northern Circars

125. भारत का सबसे उत्तरी अक्षांश है

The Northern most latitude of India is

(A) 97° 25' N (B) 37° 6' N
(C) 68° 7' N (D) 82° 32' N

126. विभिन्न स्तरों पर रहने वाली विभिन्न प्रजातियों के ऊर्ध्वाधर वितरण को ________ कहा जाता है।
(A) चरमोत्कर्ष (B) अनुक्रम
(C) पुरोगामी (D) स्तरविन्यास

Vertical distribution of different species occupying different levels is called as
(A) Climax (B) Succession
(C) Pioneers (D) Stratification

127. ________ रूई के समान दिखते हैं। वे आमतौर पर 4,000 - 7,000 मीटर की ऊँचाई पर बनते हैं।
(A) पक्षाभ मेघ (B) वर्षा मेघ
(C) स्तरी मेघ (D) कपासी मेघ

________ clouds look like cotton wool. They are generally formed at a height of 4,000 – 7,000 m.
(A) Cirrus (B) Nimbus
(C) Stratus (D) Cumulus

128. एक खाद्य शृंखला में विभिन्न बिंदुओं पर ऊर्जा प्रवाह के अनुपात को ________ के रूप में जाना जाता है।
(A) पारिस्थितिक क्षमता
(B) पारिस्थितिक दक्षता
(C) पारिस्थितिक आत्मसात
(D) इनमें से कोई नहीं

The ratio between energy flow at different points in a food chain is known as ________.
(A) Ecological capacity
(B) Ecological efficiency
(C) Ecological assimilation
(D) None of these

129. जलीय पारिस्थितिकी-तंत्र का बायोमास पिरामिड ________ है।
(A) सीधा पिरामिड
(B) आंशिक सीधा पिरामिड
(C) उलटा पिरामिड
(D) इनमें से कोई नहीं

The biomass pyramid of the aquatic ecosystem is ________.
(A) Upright Pyramid
(B) Partial Upright Pyramid
(C) Inverted Pyramid
(D) None of these

130. निम्नलिखित में से कौन सा पक्षी अभयारण्य उत्तर प्रदेश में स्थित है ?
(A) समसपुर पक्षी अभयारण्य
(B) वेदान्थंगल पक्षी अभयारण्य
(C) घटप्रभा पक्षी अभयारण्य
(D) जायकवाड़ी पक्षी अभयारण्य

Which of the following bird sanctuary is located in Uttar Pradesh ?
(A) Samaspur Bird Sanctuary
(B) Vedanthangal Bird Sanctuary
(C) Ghataprabha Bird Sanctuary
(D) Jaikwadi Bird Sanctuary

131. पृथ्वी की निम्न में से किस परत में वायुमंडलीय ओजोन परत अधिकतर केंद्रित है ?
(A) क्षोभमंडल (B) मध्यमंडल
(C) समताप मंडल (D) बाह्यमंडल

In which of the following layers of Earth, is Atmospheric ozone layer mostly concentrated in ?
(A) Troposphere (B) Mesosphere
(C) Stratosphere (D) Exosphere

132. निम्नलिखित में से कौन सा हवाईअड्डा भारत का पहला हवाईअड्डा है जो पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा द्वारा संचालित होगा ?
(A) वायनाड एयरपोर्ट (B) मुंबई एयरपोर्ट
(C) दिल्ली एयरपोर्ट (D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following Airport is India's first airport to be fully powered by renewable energy ?
(A) Wayanad Airport
(B) Mumbai Airport
(C) Delhi Airport
(D) None of these

133. निम्नलिखित में से कौन भारत में टाइगर रिजर्व नहीं है ?
(A) काजीरंगा (B) कान्हा
(C) पेरियार (D) दचिगाम

Which of the following is not a Tiger reserve in India ?
(A) Kaziranga (B) Kanha
(C) Periyar (D) Dachigam

134. वन में वनस्पति की परत जो निम्न वितान के ठीक नीचे होती है, _________ कहलाती है।
(A) कैनोपी (B) श्रब लेयर
(C) हर्ब लेयर (D) वन तल
The layer of vegetation in a forest which is just below the understorey, is called _________.
(A) Canopy (B) Shrub Layer
(C) Herb Layer (D) Forest Floor

135. निम्नलिखित में से कौन विशेष रूप से लाल पांडा के लिए राष्ट्रीय उद्यानों में से एक है ?
(A) नवेगांव राष्ट्रीय उद्यान
(B) पापिकोंडा राष्ट्रीय उद्यान
(C) खांगचेंदज़ोंगा राष्ट्रीय उद्यान
(D) इनमें से कोई नहीं
Which of the following is one of the National Park specifically for Red Pandas ?
(A) Navegaon National Park
(B) Papikonda National Park
(C) Khangchendzonga National Park
(D) None of these

136. निम्नलिखित में से कौन भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है ?
(A) सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान
(B) हेमिस राष्ट्रीय उद्यान
(C) जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान
(D) गिर राष्ट्रीय उद्यान
Which of the following is the largest National Park in India ?
(A) Sundarbans National Park
(B) Hemis National Park
(C) Jim Corbett National Park
(D) Gir National Park

137. हाल ही में, भारत ने किस देश के साथ चीता के पुनर्परिचय (reintroduction) के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ?
(A) केन्या (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) घाना (D) नामीबिया
Recently, India signed an MoU with which country for the reintroduction of cheetah ?
(A) Kenya (B) Australia
(C) Ghana (D) Namibia

138. ISFR-2021 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में वन क्षेत्र (क्षेत्रवार) में अधिकतम वृद्धि देखी गई है ?
(A) नागालैंड (B) तमिलनाडु
(C) मिजोरम (D) आंध्र प्रदेश
Which one of the following states has witnessed maximum increase in forest cover (areawise), as per ISFR-2021 ?
(A) Nagaland
(B) Tamil Nadu
(C) Mizoram
(D) Andhra Pradesh

139. दक्षिण-पश्चिमी पंजाब, हरियाणा, राजस्थान के अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में किस प्रकार के वन हैं ?
(A) वेलांचली और अनूप वन
(B) पर्वतीय वन
(C) उष्णकटिबंधीय कंटक वन
(D) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन
Which type of forest is in semi-arid areas of South-West Punjab, Haryana, Rajasthan ?
(A) Littoral and Swamp forests
(B) Montane forests
(C) Tropical Thorn forests
(D) Tropical Evergreen forest

140. सागौन, साल, शीशम, हुर्रा, महुआ, आँवला, सेमल, कुसुम और चंदन आदि _________ की प्रमुख प्रजातियाँ हैं।
(A) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
(B) उष्णकटिबंधीय कंटक वन
(C) उष्णकटिबंधीय सदाबहार और अर्ध सदाबहार वन
(D) पर्वतीय वन
Teak, Sal, Shisham, Hurra, Mahua, Amla, Semul, Kusum and Sandalwood etc. are the main species of _________.
(A) Tropical Deciduous Forests
(B) Tropical Thorn Forests
(C) Tropical Evergreen and Semi Evergreen Forests
(D) Montane Forests

141. निम्नलिखित तालिका में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :
Find the missing number in the following table :

| | | |
|---|---|---|
| | 5 | |
| 16 | 109 | 2. |
| | 6 | |

| | | |
|---|---|---|
| | 21 | |
| 22 | 53 | 19 |
| | 15 | |

| | | |
|---|---|---|
| | 51 | |
| 17 | ? | 48 |
| | 13 | |

(A) 7 (B) 25
(C) 49 (D) 129

142. दो व्यक्तियों की आयु में 16 वर्ष का अंतर है। 6 साल पहले, बड़े वाले की उम्र छोटे वाले की उम्र से 3 गुना थी। बड़े व्यक्ति की वर्तमान आयु क्या है ?
The ages of two persons differ by 16 years. 6 years ago, the elder one was 3 times as old as the younger one. What is the present age of the elder person ?
(A) 30 (B) 25
(C) 20 (D) 15

143. कथन : सभी काँच दर्पण हैं।
कुछ दर्पण लाल हैं।
निष्कर्ष : I. सभी दर्पण काँच हैं।
II. कुछ काँच लाल हैं।
(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(C) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(D) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

**Statement :** All glasses are mirrors.
Some mirrors are red.

**Conclusions :**
I. All mirrors are glasses.
II. Some glasses are red.
(A) Only conclusion I follows.
(B) Only conclusion II follows.
(C) Neither conclusion I nor conclusion II follows.
(D) Both conclusion I and conclusion II follow.

144. राहुल का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

कथन :

I. राहुल वर्तमान में अपनी माँ से 25 वर्ष छोटा है।

II. 1964 में पैदा हुए राहुल के भाई, अपनी माँ से 35 साल छोटे हैं।

(A) अकेला कथन I पर्याप्त है, जबकि कथन II अकेला पर्याप्त नहीं है।

(B) अकेला कथन II पर्याप्त है, जबकि कथन I अकेला पर्याप्त नहीं है।

(C) न तो कथन I और न ही कथन II पर्याप्त है।

(D) कथन I और कथन II दोनों पर्याप्त हैं।

In which year was Rahul born ?

**Statements :**

I. Rahul at present is 25 years younger to his mother.

II. Rahul's brother, who was born in 1964, is 35 years younger to his mother.

(A) Statement I alone is sufficient while Statement II alone is not sufficient.

(B) Statement II alone is sufficient while Statement I alone is not sufficient.

(C) Neither Statement I nor Statement II is sufficient.

(D) Both Statement I and Statement II are sufficient.

निम्नलिखित तालिका का अध्ययन करें और प्रश्नों के उत्तर दें। (प्र. 145-149)

**Study the following table and answer the questions. (Q. 145-149)**

एक परीक्षा में संस्कृत और कंप्यूटर में प्राप्त अंकों के आधार पर 100 छात्रों का वर्गीकरण।

Classification of 100 students based on the marks obtained by them in Sanskrit and Computer in an Examination.

| विषय/ Subject | 50 में से अंक/Marks out of 50 | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 40 और ऊपर/ 40 and above | 30 और ऊपर/ 30 and above | 20 और ऊपर/ 20 and above | 10 और ऊपर/ 10 and above | 0 और ऊपर/ 0 and above |
| संस्कृत/ Sanskrit | 8 | 31 | 81 | 91 | 100 |
| कम्प्यूटर/ Computer | 5 | 20 | 67 | 80 | 100 |
| औसत (कुल)/ Average (Aggregate) | 10 | 25 | 75 | 85 | 100 |

145. कंप्यूटर में कट-ऑफ अंकों के रूप में 30 और कुल मिलाकर कट-ऑफ अंकों के रूप में 30 के साथ उत्तीर्ण छात्रों की संख्या के बीच का अंतर कितना है ?

What is the difference between the number of students passed with 30 as cut-off marks in Computer and those passed with 30 as cut-off marks in aggregate ?

(A) 3
(B) 4
(C) 5
(D) 6

146. यदि यह ज्ञात है कि कम से कम 23 छात्र कंप्यूटर पर एक संगोष्ठी के लिए पात्र थे, तो संगोष्ठी की पात्रता के लिए कंप्यूटर में न्यूनतम योग्यता अंक किस सीमा में होंगे ?

If it is known that at least 23 students were eligible for a Symposium on Computer, then the minimum qualifying marks in Computer for eligibility to Symposium would lie in the range

(A) 40-45
(B) 30-40
(C) 20-30
(D) 20 से नीचे/Below 20

147. यदि संस्कृत में उच्च अध्ययन के लिए संस्कृत में कम से कम 60% अंक आवश्यक हैं, तो कितने छात्र संस्कृत में उच्च अध्ययन के लिए पात्र होंगे ?

If at least 60% marks in Sanskrit are required for pursuing higher studies in Sanskrit, then how many students will be eligible to pursue higher studies in Sanskrit ?

(A) 81
(B) 31
(C) 34
(D) 91

148. कुल मिलाकर कम से कम 40% अंक प्राप्त करने वालों की तुलना में, कंप्यूटर में कम से कम 60% अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या का प्रतिशत लगभग है

The percentage of number of students getting at least 60% marks in Computer over those getting at least 40% marks in aggregate, is approximately

(A) 21%
(B) 27%
(C) 32%
(D) 38%

149. कुल मिलाकर 40% से कम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या है

The number of students scoring less than 40% marks in aggregate is

(A) 13
(B) 19
(C) 20
(D) 25

150. समान तर्क का पालन करते हुए, नीचे दी गई शृंखला के लिए लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :

Find the missing number for below given series following the same logic :

6, 12, 30, 84, 246, 732, 2190, (?)

(A) 6320 (B) 4532

(C) 6564 (D) 5873

151. मंच पर एक महिला की ओर इशारा करते हुए मनीषा ने कहा, "वह मेरी माँ के बेटे के पिता की बहन है।" महिला, मनीषा की कौन है ?

(A) बुआ (B) माँ

(C) बहन (D) इनमें से कोई नहीं

Pointing to a lady on the platform, Manisha said, "She is the sister of the father of my mother's son". Who is the lady to Manisha ?

(A) Aunt (B) Mother

(C) Sister (D) None of these

152. प्रिया ने श्याम का परिचय अपने चाचा के पिता की पुत्री के पुत्र के रूप में कराया । प्रिया, श्याम से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) माँ (B) बेटी

(C) बहन (D) दादी

Priya introduced Shyam as the son of the daughter of the father of her uncle. How Priya is related to Shyam ?

(A) Mother (B) Daughter

(C) Sister (D) Grandmother

153. A, B का पुत्र है, C, A की बहन है। B, C से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) पिता (B) पुत्र

(C) भाई (D) चाचा

A is son of B, C is sister of A. How B is related to C ?

(A) Father (B) Son

(C) Brother (D) Uncle

154. एक निश्चित भाषा में TRUE को 1759, KICK को 4384, CHAIN को 82630 के रूप में कोडित किया जाता है । अब, उसी कोड में KITCHEN के लिए पहला अंक क्या होगा ?

In a certain language TRUE is coded as 1759, KICK is coded as 4384, CHAIN is coded as 82630. Now, what will be the 1st digit for KITCHEN in the same code ?

(A) 9 (B) 2

(C) 8 (D) 4

155. यदि ALPHA = 101.112.116.108.101, BETA का कोड क्या होगा ?

If ALPHA = 101.112.116.108.101, what will be the code for BETA ?

(A) 102.105.123.101

(B) 102.105.121.101

(C) 102.105.120.101

(D) 102.105.119.101

156. समान पैटर्न का अनुसरण करते हुए, दी गई शृंखला में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :

Find the missing number in given series following the same pattern :

198, 200, 203, 208, 215, 226, 239, (?)

(A) 241 (B) 240

(C) 256 (D) 260

157. निम्नलिखित शृंखला में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :

Find the missing number in the following series :

16, 34, 19, 40, 22, ____

(A) 46 (B) 32

(C) 52 (D) 48

158. एक निश्चित कोड भाषा में, यदि शब्द REGISTRATION को TSIGERNOITAR के रूप में कोडित किया जाता है, तो उस भाषा में CAMPFIRE शब्द को कैसे कोडित किया जाएगा ?

In a certain code language, if the word REGISTRATION is coded as TSIGERNOITAR, then how is the word CAMPFIRE coded in that language ?

(A) MACPRIFE (B) PMACERIF

(C) ERIFPMAC (D) FIRECAMP

159. एक घड़ी दोपहर में शुरू होती है । 1:40 तक घंटे की सूई घूम चुकी होती है (डिग्री में) :

A clock is started at noon. By the time 1:40, the hour hand has turned through (in degrees) :

(A) 98° (B) 47°
(C) 69° (D) 50°

160. 8:45 बजे, घड़ी की घंटे की सूई और मिनट की सूई के बीच बनने वाला कोण है

(A) 10½ डिग्री (B) 9½ डिग्री
(C) 7½ डिग्री (D) 8½ डिग्री

At 8:45, angle formed between the hour hand and the minute hand of a clock is

(A) 10½ degree (B) 9½ degree
(C) 7½ degree (D) 8½ degree

161. 12 मार्च, 2008 को रविवार था । 13 मार्च, 2009 को सप्ताह का कौन सा दिन है ?

(A). मंगलवार (B) शुक्रवार
(C) सोमवार (D) गुरुवार

March 12, 2008 was Sunday. What day of the week lies on March 13, 2009 ?

(A) Tuesday (B) Friday
(C) Monday (D) Thursday

162. अगर आज बुधवार है, 45 दिनों के बाद यह होगा

(A) शनिवार (B) रविवार
(C) मंगलवार (D) गुरुवार

If today is Wednesday, after 45 days it will be

(A) Saturday (B) Sunday
(C) Tuesday (D) Thursday

163. यदि 6 अप्रैल मंगलवार को है, तो 3 मई को कौन सा दिन होगा ?

(A) मंगलवार (B) रविवार
(C) बुधवार (D) सोमवार

If 6 April is on Tuesday, what day will be there on 3 May ?

(A) Tuesday (B) Sunday
(C) Wednesday (D) Monday

164. रतन ने बाजार में ₹ 5,000 खर्च किये । वह ₹ 250 का फोटो फ्रेम लाया, ₹ 1,800 का हेलमेट, ₹ 2000 की किताबें और कपड़े पर ₹ 950 खर्च करता है । किताबों पर कितना प्रतिशत खर्च किया गया ?

Ratan spent ₹ 5,000 in the market. He brought photo frame of ₹ 250, Helmet of ₹ 1800, books of ₹ 2,000 and clothes of ₹ 950. How much percentage of money spent on books ?

(A) 80% (B) 30%
(C) 40% (D) 50%

165. सटीक घड़ी सुबह 7 बजे दिखाती है । जब घड़ी शाम को 7 बजे दिखाती है, तो घंटे की सई कितनी डिग्री घूमेगी ?

(A) 360 डिग्री (B) 320 डिग्री
(C) 280 डिग्री (D) 290 डिग्री

The accurate clock shows 7 o'clock in the morning. Through how many degrees will the hour hand rotate when the clock shows 7 o'clock in the evening ?

(A) 360 degree (B) 320 degree
(C) 280 degree (D) 290 degree

166. रवि का वेतन सचिन के वेतन से 40% अधिक है । सचिन का वेतन रवि के वेतन से कितने प्रतिशत कम है ?

Ravi's salary is 40% more than Sachin's salary. How much percent Sachin's salary is less than Ravi's salary ?

(A) 23.08% (B) 28.57%
(C) 37.5% (D) 43.8%

167. 1600 का 35 प्रतिशत है

35 percent of 1600 is

(A) 640 (B) 560
(C) 5.6 (D) 5600

168. एक व्यक्ति अपने घर की स्थिति से उत्तर की ओर 7 किमी चलता है, फिर दाएँ मुड़कर 8 किमी चलता है, फिर से दाएँ मुड़कर 7 किमी चलता है, फिर से दाएँ मुड़कर 3 किमी चलता है । वह व्यक्ति घर की स्थिति से कितनी दूर है (किमी में) ?

A person from home position moves 7 km towards north, then turns right and moves 8 km, again turns right and moves 7 km, again turns right and moves 3 km. How far a person is from home position (in km) ?

(A) 15
(B) 5
(C) 11
(D) इनमें से कोई नहीं/None of these

169. 1, 2, 3, 5, 7 का औसत ज्ञात कीजिए ।

Find the average of 1, 2, 3, 5, 7.

(A) 3.6 (B) 3
(C) 4.5 (D) 4

170. दस संख्याओं का औसत 29 है । यदि प्रत्येक संख्या में 3 की कमी की जाती है, नया औसत क्या होगा ?

The average of ten numbers is 29. If each number is decreased by 3, what will be the new average ?

(A) 36 (B) 26
(C) 24 (D) 21

171. 15 छात्रों की एक कक्षा की औसत आयु 30 वर्ष है । यदि शिक्षक की आयु को शामिल कर लिया जाए, तो औसत 2 वर्ष बढ़ जाता है । शिक्षक की आयु वर्षों में ज्ञात कीजिए ।

The average age of a class of 15 students is 30 years. If the age of the teacher be included, then the average increases by 2 years. Find the age of the teacher in years.

(A) 59 (B) 55
(C) 62 (D) 60

172. गोपाल बिंदु X से पूर्व की ओर जाता है, और 4 समकोण पर वामावर्त मुड़ता है और प्रत्येक मोड़ के बाद सीधे चलता है, अब उसका मुख किस दिशा में है ?

(A) पूर्व (B) पश्चिम
(C) उत्तर (D) इनमें से कोई नहीं

Gopal goes towards East from point X, and turns anticlockwise at 4 right angles and moves straight after each turn, in which direction he is facing now ?

(A) East (B) West
(C) North (D) None of these

173. दो ट्रक, ए और बी, एक ही गोदाम से शुरू होते हैं । ट्रक ए, 12 किमी उत्तर की ओर जाता है, फिर अपनी बाईं ओर मुड़ता है और 5 किमी जाता है । इस बीच ट्रक बी, 10 किमी पूर्व की ओर जाता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 12 किमी चलता है, फिर अपनी बाईं ओर मुड़ता है और 5 किमी जाता है । अब, बी के सन्दर्भ में ट्रक ए किस दिशा में है ?

(A) पूर्व (B) उत्तर-पश्चिम
(C) पश्चिम (D) इनमें से कोई नहीं

Two trucks, A and B, start from the same warehouse. Truck A goes 12 km north, then turns to its left and goes 5 km. Meanwhile truck B goes 10 km east, then turns left and moves 12 km, then turns to its left and goes 5 km. Now, in which direction is truck A with respect to B ?

(A) East (B) North-West
(C) West (D) None of these

174. विषम को चुनें :

(A) बंदगोभी (B) आम
(C) सेब (D) केला

Find the odd one out :

(A) Cabbage (B) Mango
(C) Apple (D) Banana

175. विषम को चुनें :

Choose the odd one out :

(A) 125 (B) 1331

(C) 216 (D) 1726

176. शब्दों के चार जोड़े दिए गए हैं, जिनमें से तीन जोड़े के शब्द समान तरह से संबंधित हैं और एक जोड़े के शब्द अलग हैं । उस जोड़े का पता लगाएँ जो अलग तरह से संबंधित है ।

(A) चाय और कॉफी

(B) पेंसिल और पेन

(C) साइकिल और स्कूटर

(D) शर्ट और दर्जी

Four pairs of words are given, out of which the words in three pairs are related in same way and words in one pair are different. Find out that pair which is differently related.

(A) Tea and Coffee

(B) Pencil and Pen

(C) Cycle and Scooter

(D) Shirt and Tailor

177. यदि A और B मिलकर किसी कार्य को 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं और B अकेला 20 दिनों में पूरा कर सकता है, तो A अकेला उस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकता है ?

If A and B together can complete a piece of work in 15 days and B alone in 20 days, then in how many days can A alone complete the work ?

(A) 60 (B) 45

(C) 40 (D) 30

178. पलक, क्विंसी, रमेश, श्याम, तिमिर, उमंग, वंदन और विला एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं । पलक, विला के दायें से तीसरे और क्विंसी के बायें से तीसरे स्थान पर बैठी है । श्याम, तिमिर के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है । वंदन, रमेश के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है । तिमिर, क्विंसी का पड़ोसी नहीं है, जबकि उमंग न तो तिमिर का और न ही विला का पड़ोसी है । क्विंसी के तुरन्त दायें कौन बैठा है ?

(A) वंदन (B) उमंग

(C) विला (D) इनमें से कोई नहीं

Palak, Quincy, Ramesh, Shyam, Timir, Umang, Vandan and Willa are sitting around a circular table facing the centre of the table. Palak sits third to the right of Willa and third to the left of Quincy. Shyam sits second to the right of Timir. Vandan sits second to the left of Ramesh. Timir is not neighbour of Quincy while Umang is neither a neighbour of Timir nor of Willa. Who is sitting to the immediate right of Quincy ?

(A) Vandan (B) Umang

(C) Willa (D) None of these

179. A अकेला किसी काम को 2 दिनों में पूरा कर सकता है, जबकि B अकेला उसे 3 दिनों में पूरा कर सकता है । यदि वे इसे पूरा करने के लिए एक साथ काम करते हैं, तो ₹ 6,000 की कुल मजदूरी में से, A के हिस्से का 20% क्या होगा ?

A alone can finish a work in 2 days, while B alone can finish it in 3 days. If they work together to finish it, then out of total wages of ₹ 6,000, what will be the 20% of A's share ?

(A) ₹ 720 (B) ₹ 350

(C) ₹ 820 (D) ₹ 420

180. राहुल, मेहुल, प्रिया, पायल, ध्यानी और धर्मी एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं । ध्यानी और धर्मी केंद्र में हैं । राहुल और मेहुल छोर पर हैं । प्रिया, राहुल के तुरन्त बायें बैठी है । पायल के दायें कितने व्यक्ति हैं ?

Rahul, Mehul, Priya, Payal, Dhyani and Dharmi are sitting in a row facing north. Dhyani and Dharmi are in the centre. Rahul and Mehul are at the ends. Priya is sitting to the immediate left of Rahul. How many persons are there to the right of Payal ?

(A) 1 (B) 4
(C) 3 (D) 2

181. परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों में मनीष ऊपर से सोलहवाँ और नीचे से उनतीसवाँ स्थान प्राप्त करता है । छह लड़कों ने परीक्षा में भाग नहीं लिया और पाँच इसमें असफल रहे । कक्षा में कितने लड़के थे ?

Manish ranked sixteenth from the top and twenty-ninth from the bottom among those who passed an examination. Six boys did not participate in the examination and five failed in it. How many boys were there in the class ?

(A) 40 (B) 44
(C) 50 (D) 55

182. कुछ लड़के एक पंक्ति में बैठे हैं । P बायें से चौदहवें स्थान पर बैठा है और Q दायें से सातवें स्थान पर है । यदि P और Q के मध्य चार लड़के हैं, तो पंक्ति में कितने लड़के हैं ?

Some boys are sitting in a row. P is sitting fourteenth from the left and Q is seventh from the right. If there are four boys between P and Q, then how many boys are there in the row ?

(A) 19 (B) 21
(C) 23 (D) 25

183. दिये गये शब्दों को वर्णमाला के क्रम में सजायें :

Arrange the given words in Alphabetical Order :


1. Head 2. Hold
3. Hammer 4. Hills
5. Hulk

(A) 3 1 4 2 5 (B) 3 5 4 1 2
(C) 4 5 1 3 2 (D) 4 5 3 1 2

184. अगली आकृति क्या है ?

What is the next figure ?



(A) (B) (C) (D)

185. ऊतक–विज्ञान का सम्बन्ध ऊतकों से उसी प्रकार है जिस प्रकार पारिस्थितिकी का सम्बन्ध ____ से है ।

(A) पर्यावरण (B) जीवाश्म
(C) इतिहास (D) हार्मोन

Histology is related to Tissues in the same way as Ecology is related to

(A) Environment (B) Fossils
(C) History (D) Hormones

186. सही विकल्प का चयन करें :

Choose the correct option :

18 : 57 : : 24 : ?

(A) 62 (B) 68
(C) 75 (D) 78

187. सादृश्य पूरा करें :

संग्रहालय: क्यूरेटर :: जेल: (?)

(A) मैनेजर (B) मॉनिटर
(C) वार्डन (D) जेलर

Complete the Analogy :

Museum: Curator :: Prison : (?)

(A) Manager (B) Monitor
(C) Warden (D) Jailor